**NEWS CLIPPING:11.03.2022**

# PIONEER

# विवि के प्रयासों को मान्यता देता है लीलावती पुरस्कार

## लीलावती पुरस्कार से सम्मानित वुमन इनोवेटर्स की टीम ने कुलपति से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विश्वविद्यालय वुमन इनोवेटर्स की टीम को किया गया लीलावती पुरस्कार से सम्मानित टीम कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर के साथ।**

**अखिल** भारतीय तकन०ीकी शिक्षा परिषद् द्वारा महिला सशक्तिकरण पर लीलावती पुरस्कार 2021-22 से सम्मानित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद की वूमन इनोवेटर्स की टीम 'सशक्त' ने गुरुवार को कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। विवि की टीम को यह पुरस्कार वूमन इनोवेटर्स श्रेणी में प्रदान किया गया है। पुरस्कार समारोह का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एआईसीटीई ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में किया गया था। इस समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी उपस्थिति थी। टीम को पुरस्कार स्वरूप 75,000 रुपये का नकद पुरस्कार राशि एवं प्रशंसा प्रमाणी पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार के लिए देशभर से 27 संस्थागत टीमों का 8 उप-विषयक श्रेणियों में चयन हुआ, जिसमें जेसी बोस विश्वविद्यालय की टीम का चयन पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाली देशभर से 500 से अधिक प्रतिभागियों में से किया गया। विवि की टीम उत्तर भारत से एकमात्र टीम रही। जबकि सरकारी संस्थानों में केवल दो विवि को पुरस्कार मिला। जिसमें जवाहरलाल नेहरू तकनीकी विश्वविद्यालय एवं जेसी बोस विश्वविद्यालय शामिल हैं।

विशिष्ट उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा कि यह पुरस्कार विवि द्वारा नवाचार की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को मान्यता प्रदान करता है। विवि में अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहन देने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के अभिनव विचारों मंच प्रदान करने की आवश्यकता है, जिसके लिए शैक्षणिक विभागों द्वारा नियमित रूप से सेमिनार आयोजित किये जाये। उन्होंने शोध की गुणवत्ता में सुधार पर बल भी बल दिया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने भी टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि पुरस्कार विजेता विवि की पांच सदस्यीय टीम का नेतृत्व आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. लखविंदर सिंह ने किया। टीम की वुमन इनोवेटर्स में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सपना गंभीर एवं डॉ पारुल तोमर, कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. रश्मि चावला और छात्रा खुशी गुप्ता भी शामिल थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:11.03.2022**

# REPCO NEWS DAINIK

## कुलपति सुशील कुमार तोमर ने किया संचार का विमोचन



फरीदाबाद, 10 मार्च - मीडिया के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक समाचार पत्र संचार के जनवरी अंक का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विधिवत रूप से विमोचन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग एवं मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी उनके साथ मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर को मासिक समाचार पत्र 'संचार' के बारे में जानकारी देते हुए बताया की चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विश्वविद्यालय से सम्बंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है। विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पवन सिंह ने बताया की इस समाचार पत्र को मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। समाचार पत्र का उद्देश्य विभाग के विद्यार्थियों में समाचारों को समझने के साथ-साथ समाचार पत्र के निर्माण में सहायक विभिन्न गुणों जैसे टाइपिंग, पेज डिजाइनिंग आदि को विकसित करना है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की समाचार पत्र 'संचार' में समाचारों का संकलन एवं डिजाइनिंग विभाग के एम.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रोडक्शन सहायक रामरस पाल की देख रेख में की गयी व इस बार का अंक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष गोयल एवं डॉ. सुधीर के सम्पादन में तैयार किया गया है। विमोचन अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा की मीडिया विभाग द्वारा किया जा रहा यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा की इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को वास्तविक अनुभव मिलता है। जो आगे चलकर उनके कार्य क्षेत्र में सहायक होता है।

**NEWS CLIPPING:11.03.2022**

## HINDUATAN

# इनोवेटर टीम ने जीता लीलावती पुरस्कार

**फरीदाबाद** । जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की वीमन इनोवेटर्स टीम को महिला दिवस के मौके पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्की ओर से लीलावती पुरस्कार 2021-22 से सम्मानित किया गया है। टीम के सदस्यों ने गुरुवार को कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। कुलपति ने टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:11.03.2022**

# AMAR UJALA

## वुमन इनोवेटर्स की टीम ने कुलपति से की मुलाकात

**फरीदाबाद।** भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की ओर से महिला सशक्तिकरण पर लीलावती पुरस्कार 2021-22 से सम्मानित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वुमन इनोवेटर्स की टीम 'सशक्त' ने बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। यह पुरस्कार महिला दिवस पर दिल्ली में वुमन इनोवेटर्स श्रेणी में प्रदान किया गया है। टीम को 75,000 रुपये नकद एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके लिए देशभर से 27 संस्थागत टीमों का 8 उप-विषयक श्रेणियों में चयन किया गया था। संवाद

**NEWS CLIPPING:11.03.2022**

# PIONEER

## शैक्षणिक नुकसान को पूरा करने को आगे आए शिक्षक

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रबंधन अध्ययन की महिला संकाय सदस्यों ने विवि के शैक्षणिक विकास में योगदान देने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हुए एक अलग उदाहरण स्थापित किया है। कोविड-19 महामारी के दौरान विवि बंद होने के कारण हुए शैक्षणिक नुकसान को पूरा करने में संकाय सदस्य विद्यार्थियों को सहयोग देंगे। कुलपति प्रो. एसके तोमर की उपस्थिति में हुई विभाग की समीक्षा बैठक में प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष निगम ने एमबीए एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि एमबीए एक्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम वर्ष 2019 में उन कामकाजी पेशेवरों के लिए शुरू किया गया था।